पटना, दिनांक 15.01.2017 को पुनाईचक पार्क के कार्यक्रम का विस्तृत रिपोर्ट :-

दिनांक 15.01.2017 को सुबह 7:30 बजे से पटना के पुनाईचक पार्क में दधीचि देह दान समिति की ओर से जन जागरण अभियान का आयोजन किया गया | दधीचि देह दान समिति ने शहर के सभी पार्कों में सुबह टहलने वालों एवं शहरवासियों के बीच देह दान / अंग दान के प्रति जागरूकता पैदा करने हेतु जन जागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया है | इसी कड़ी में यह चौथा कार्यक्रम था | उक्त कार्यक्रम में 100 से अधिक लोगों ने सिरकत किया | कुल 3 लोग अंगदान / देहदान करने की इच्छा जाहिर करते हुए फार्म भरने हेतु ले गये | आगन्तुकों में से 41 लोगों ने परिचय पत्र फार्म भरा |

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दधीचि देह दान समिति के मुख्य संरक्षक एवं बिहार सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी ने कहा कि आज समाज को अंग दान / देह दान की जरूरत है | मेडिकल कॉलेजों में विद्यार्थियों को पढ़ने हेतु मृत शरीर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है | लोगों में दृष्टिहीनता की बिमारी होने पर प्रत्यारोपण हेतु आंख उपलब्ध नहीं होता है |

देश के कई राज्य इस क्षेत्र में काफी आगे बढ़ चुके हैं | बिहार के लोगों में भी अन्य राज्यों की भांति अंगदान के प्रति जागरूकता लाने की जरुरत है | श्री मोदी ने लोगों से चक्षु दान करने की अपील की और कहा कि आई० जी० आई० एम० एस० में चक्षु बैंक खुल चुका है और आँख प्रत्यारोपण की भी व्यवस्था है |

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए दीघा विधान सभा क्षेत्र के विधायक डॉ० संजीव चौरसिया ने कहा कि शरीर नश्वर है | मृत्यु के उपरान्त भी आपका शरीर यदि समाज के काम आ सके तो इससे बड़ा पुनीत कार्य कुछ भी नहीं हो सकता |

कार्यक्रम में आई० जी० आई० एम० एस० के के चक्षु विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० विभूति प्रसन्न सिन्हा ने प्रत्यारोपण तथा अंग दान से सम्बन्धित तकनीकी जानकारी लोगों को दी और बताया कि अभी तक आई० जी० आई० एम० एस० में 100 से ऊपर लोगों में आँख प्रत्यारोपित किया जा चुका है | अब बिहारवासियों को आँख दान या आँख प्रत्यारोपण के लिए राज्य से बाहर जाने की जरुरत नहीं है |

कार्यक्रम में दधीचि देह दान समिति की ओर से समिति के सचिव श्री बिमल जैन, कोषाध्यक्ष श्री प्रदीप चौरसिया, श्रीमती अनामिका सिंह, डॉ० एम० रहमान, डॉ० मनोज संढवार आदि भी उपस्थित थे |